an>

title: Need to provide assistance to the victims of fire incidents.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से, पूरे देश में, खास तौर से उत्तर प्रदेश के अंदर अग्निकांड की घटनाओं की ओर सदन का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं।

महोदया, पिछले एक-डेढ़ महीने से अचानक तापमान बढ़ने के कारण अग्निकांड की हजारों छोटी-बड़ी घटनाएं उत्तर प्रदेश, बिहार आदि राज्यों में हुई हैं। ...(व्यवधान) किसानों की हजारों हेक्टेअर खड़ी फसल जली है, हजारों आवास या भवन एवं गरीबों की झोपड़ियां जली हैं। ...(व्यवधान) खड़ी फसल जलने के बाद राज्य सरकारों के स्तर पर, खासतौर से उत्तर प्रदेश, बिहार के अंदर उन किसानों को जो सहायता मिलनी चाहिए थी, वह नहीं हो पाई है। ...(व्यवधान) मण्डी समितियों ने किसानों को सहायता करने से यह कहकर इन्कार कर दिया है कि अगर फसल खलिहान के अंदर जलेगी तो सहयोग करेंगे, खेत में खड़ी फसल में आग लगती है तो इसकी जिम्मेदारी मण्डी समितियों की नहीं है। अभी माननीय प्रधानमंत्री जी हाल ही में किसान फसल बीमा योजना का शुभारम्भ किया है। ...(व्यवधान) किसान फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों की खड़ी फसल अगर आग की चपेट में आती है तो उसे भी किसान बीमा योजना के अंतर्गत कवर किया जाए। ...(व्यवधान)

दूसरे, मेरा अनुरोध है कि जिन गरीबों के आवासीय परिसर अग्निकांड की चपेट में आते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से एक-एक आवास उपलब्ध कराया जाए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री आलोक संजर, श्री सुधीर गुप्ता, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री दहन मिश्रा, श्री पी.पी.चौधरी, कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री रोड़मल नागर को योगी आदित्यनाथ द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।